ई.एस.आई.सी. के डिप्टी डायरैक्टर सुनील यादव ने बीमित व्यक्तियों को उनके हित लाभों के बारे में दी जानकारी

कर्मचारी राज्य बीमा निगम जालंधर द्वारा जागरूकता कैंप आयोजित

जालंधर, 12 सितंबर (रत्ता): कर्मचारी राज्य बीमा निगम के जालंधर स्थित उप क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा कपूरथला के निजी संस्थान में ई.एस.आई.सी. जागरूकता एवंम आधार सीडिंग संबंधी विशेष कैंप लगाया गया।

उपस्थिति को संबोधित करते ई.एस.आई.सी. के डिप्टी डायरैक्टर सुनील कुमार यादव।

इस विशेष कैंप में डिप्टी डायरैक्टर सुनील कुमार यादव ने बीमित व्यक्तियों को ई.एस.आई.सी. के सभी हित लाभों के साथ-साथ नवीनतम योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कई महत्त्वपूर्ण बातें बताईं। उन्होंने आई.पी. पोर्टल से बीमारी हितलाभ, स्थायी अपंगता एवं मातृत्व हित लाभ संबंधी ऑनलाइन दावे प्रस्तुत करने के तरीके बताए।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम के सहायक डायरैक्टर ने उपस्थित को आधार सीडिंग एवंम आधार कार्ड को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने तथा उसकी उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बीमाकृत व्यक्तियों को ऐसा करने के लिए प्रेरित भी किया। अधीक्षक रमेश लाल, शाखा प्रबंधक शाम सुंदर तथा सामाजिक सुरक्षा अधिकारी दीपक ने भी बीमाकृत व्यक्तियों को ई.एस.आई.सी. की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

संस्थान के लविश मल्होत्रा, आशीष शर्मा एवं अमरेश सिंह ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा इस प्रकार के कैंप आयोजित करना कर्मचारी राज्य बीमा निगम की अच्छी पहल है और इससे बीमित व्यक्तियों को काफी फायदा मिलेगा। उन्होंने ई.एस.आई.सी. के अधिकारियों का धन्यवाद भी किया।